एक नजर में

एजेई व क्षेत्रीय लाईन परिचालक पर केस दर्ज

सोनकच्छ। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 14 सितंबर 25 को मृतक सुरेन्द्र सिंह घर से बिना बताये चला गया था। जिसकी बाद तलाश गुम सुदगी रिपोर्ट थाने पर लिखवाई थी। अगले दिन दो बजे गुम शुदा सुरेन्द्रसिंह मृत अवस्था में धीरजसिंह के खेत के किनारे कार्लीसिंध नदी के पास ग्राम देहरी के पास पड़ा मिला व उसके पास एमपीईबी की लाईन के तीन तार आस पास पड़े मिले ग्राम वासियों एवं साक्षियों के बताये अनुसार बिजली का खंबा टूटने से कई दिनो से बिजली के तार इसी स्थिति में पड़े होना बताया जिसकी चपेट में आने से सुरेन्द्रसिंह की मृत्यु हुई है। टुटे हुए बिजली के खंबे व तारो को ठीक करने के लिए बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारीयो को कई बार अवगत कराया गया। जिनकी लापरवाही के कारण सुरेन्दसिंह के इन बिजली के तारों की चपेट में आने के कारण मृत्यु हुई है। मृतक के पीएम रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण बिजली के करंट से कार्डियक अरेस्ट से होना बताया गया। विद्युत विभाग के एजेई भारत भुषण पंवार व क्षेत्रीय लाईन परिचालक प्रदीप वर्मा के द्वारा बरती गई लापरवाही के कारण मृतक सुरेन्द्र सिंह की मृत्यु होना पाई गई है। पुलिस ने पंवार व वर्मा पर केस दर्ज किया है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम संपन्न

कांटाफोड़। नगर के सुप्रसिद्ध विद्यालयों मे से एक सरस्वती विद्या मंदिर मे सप्तशक्ति संगम के अंतर्गत आज विद्यालय में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.पिंकी हार्डिया प्रादेशिक सह सचिव सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मालवा प्रांत, संगीता चौहान प्राचार्य स.शि .मं .साईनाथ कालोनी इंदौर, साधना बियानी सतगुरु गोविन्द शिक्षण समिति अध्यक्ष, बबीता हार्डिया उमिया राउ प्राचार्य मंच पर उपस्थित रहे। अतिथि स. शि .मं. कांटाफोड़ प्राचार्य विनोदराय निगम, स. शि .मं .प्राचार्य खातेगांव प्रशांत उपाध्याय, स .शि. मं. प्राचार्य कन्नौद नर्मदा प्रसाद रहे। साथ ही विशिष्ट माताओं का सम्मान सुनीता यादव चिकित्सक, शीला कहार धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र, कृष्णा देवी सिंगी सामाजिक कार्यकर्ता का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुनीता जोशी ने कार्यक्रम की प्रस्तुत जानकारी और अतिथियों का परिचय कराया । मुख्यवक्ताओ ने सप्तशक्ति कार्यक्रम के माध्यम से नारी जागरण की प्रेरणा प्रदान की । संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत पंच परिवर्तन के निमित्त पर्यावरण जागरण, स्व का बोध, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य का वर्णन किया गया । युवा पीढ़ी के उज्जवल,भविष्य के लिए उपयोगी राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत एवं सामाजिक समरसता को बनाएं रखने का अव्हान किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर की बहनों द्वारा नृत्य के माध्यम से अद्भुत प्रस्तुति दी गई। माता बहनों का स्वागत कुमकुम तिलक व माला पहनाकर किया गया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से माता- बहिनो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मातृशक्ति से अनुभव कथन तथा प्रश्न मंच का कार्यक्रम रहा। इस कार्यक्रम की प्रभारी अंजली राठौर रही। संचालन गीता पाटीदार ने किया। आभार अमीषा राजोरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी मातृ शक्तियों ने राष्ट्रहित में अपना योगदान देने के लिए सभी मातृशक्ति को संकल्प दिलाया गया। विज्ञान माड़ल एवं प्रदर्शनी का अवलोकन माता बहिनो द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार- प्रसार प्रमुख अवधेश राठौर, राहुल शर्मा द्वारा दी गई।

कृष्णा उईके के निधन पर दी श्रद्धांजलि

देवास। अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन बागली विधानसभा इकाई के अध्यक्ष एवं आदर्श ग्राम पंचायत पलासी के सरपंच लखन लाल उईके के पुत्र कृष्णा उईके के दुखद निधन पर अनेक क्षेत्रीय लोगों ने सरपंच निवास पहुंचकर के श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा नेता गौरव बाल्दी, प्रमोद व्यास, गजानन जारवाल लोहारदा, आशुतोष पाराशर, कांटाफोड़ कन्हैया पटेल हायडी, दिलीप छानवाल, संतोष मामा सुंन्द्रेल, जगदीश परसाई बेडगांव, सुरेश पटेल, पवन शर्मा आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

देवास में निकला यूनिटी मार्च, नागरिकों ने की सहभागिता

देवास। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज देवास शहर में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। मार्च में हाथों में तिरंगा झंडा थामे स्कूली छात्र-छात्राएं, व्यापारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, बुद्धिजीवी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगों से पूरा मार्ग पट गया, जिससे भक्तिमय माहौल निर्मित हो गया। यूनिटी मार्च का शुभारंभ इनडोर स्टेडियम, भोपाल चौराहा से हुआ। यात्रा नाहर दरवाजा, नयापुरा, मनकामनेश्वर, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड, अलंकार चौराहा, सुतार बाखल, गोया, ए.बी. रोड होते हुए स्वामी विवेकानंद प्रतिमा, सयाजी द्वार पर पहुंचकर मार्च सम्पन्न हुआ। मार्ग में आमजन ने राष्ट्र की एकता के संदेश से ओतप्रोत इस अनूठी यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में प्रमुख रूप से देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, निगम सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी तथा विजय सिंह पवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

भाजपा मंडल अध्यक्ष पर अभद्रता और छवि खराब करने के आरोप

बागली तहसीलदार की लिखित शिकायत वायरल

देवास। बागली तहसील में तहसीलदार द्वारा भाजपा जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव के खिलाफ विधायक को भेजी गई शिकायत चर्चा का विषय बनी हुई है। वायरल शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गोविंद यादव तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के साथ लगातार अभद्र एवं अशोभनीय व्यवहार करते हैं और अपनी राजनीतिक पहचान का दुरुपयोग कर मनमाना कार्य करवाने का दबाव बनाते हैं। तहसीलदार द्वारा विधायक मुरली भंवरा को भेजी गई शिकायत के अनुसार विभाग के रीडर ने गोविंद यादव के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में यह बात सामने आई कि यादव ने रीडर के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और नामांतरण सहित अन्य कार्यों में दबाव डालते हुए मनमानी कराने की कोशिश की।

कार्रवाई की मांग

तहसीलदार ने विधायक मुरली भंवरा से मांग की है कि न्यायालय की गरिमा, कर्मचारियों की सुरक्षा और पार्टी की छवि को ध्यान में रखते हुए गोविंद यादव के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव ने

अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों से साफ इंकार किया है। उनका कहना है कि मैं भाजपा का मंडल अध्यक्ष हूं और किसानों के नामांतरण सहित अन्य कार्यों के लिए प्रतिदिन कई लोग मेरे पास आते हैं। तहसील कार्यालय में अक्सर नामांतरण के बदले रुपए की मांग की जाती है। जब हम रुपये देने से मना करते हैं तो किसानों का काम अटकाया जाता है। ऐसे में हम कर्मचारियों से सिर्फ उचित तरीके से काम करने की बात ही कहते हैं। यदि किसी को लगता है कि मैंने अभद्रता की है तो तहसील कार्यालय के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख ली जाए, सत्य स्वयं सामने आ जाएगा।

विधायक मुरली भंवरा ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा तहसीलदार की यह शिकायत आज ही मेरे संज्ञान में आई है। मैं इस विषय पर दोनों पक्षों से विस्तार से बात करूंगा। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अन्य कर्मचारियों से भी अभद्रता के आरोप

शिकायत में पटवारी और भृत्य के प्रति भी अभद्र व्यवहार और धमकाने के आरोप लगाए गए हैं। बताया गया है कि यादव स्वयं को भाजपा, संघ और मंडल अध्यक्ष बताते हुए कर्मचारियों से अभद्र वर्ताव करते हैं, जिससे न्यायालय की गरिमा और माहौल प्रभावित होता है। तहसीलदार का कहना है कि गोविंद यादव की हरकतें न केवल न्यायालय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि विधायक एवं पार्टी की छवि भी धूमिल करती हैं।

स्वामी विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में सेमिनार संपन्न

परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन पास होने पर किया जाएगा सम्मान

भौरासा। स्वामी विवेकानन्द कॉन्वेंट स्कूल, नराना में भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे के द्वारा बालक बालिकाओं का सेमिनार आयोजित किया गया। जिसके चलते थाना प्रभारी ने विशेषकर बालिकाओं से वाहन में आने-जाने में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली, और साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या आए तो अपने टीचर्स या मुझे बेझिझक बताए। जिसका समाधान तुरंत किया जाएगा। थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा बालक बालिकाओं को यह भी कहा कि यदि कोई परीक्षा में फैल होता हैं, तो वह निराश होकर कोई गलत कदम न उठाए। और यदि कोई परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन पास होता है, तो हमारे द्वारा उस विद्यार्थी को सम्मानित किया जाएगा। स्कूल प्राचार्य द्वारा एव समस्त स्टॉफ की तरफ से माननीय थाना प्रभारी का आभार व्यक्त किया गया।

वार्ड 19 में शिविर लगाकर भरवाए एसआईआर फार्म

देवास। वार्ड नंबर 19 के प्रभारी यशवंत तिवारी बीएलए 2 मित्र मंडल द्वारा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार,एसआयआर प्रभारी ओम जोशी बीएलए 1 के नेतृत्व में जनता की सुविधा हेतु राधे कृष्ण मंदिर के पीछे बद्रीधाम नगर, गोमती नगर में सहायता केंद्र खोलकर एसआयआर फार्म भरवाए गए, तथा जिन लोगों को फार्म भरने में परेशानी आ रही थी उनका पूर्ण सहयोग किया गया।

विद्यालयों और महाविद्यालय में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

तहसील, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार भी किए जाएंगे प्रदान

देवास। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मध्य प्रदेश में 21 नवम्बर को शासकीय अशासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालय में आयोजित की गई। इस परीक्षा में कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालय तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। देवास जिले में भी यह परीक्षा 186 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। इसमें 9270 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उक्त जानकारी परीक्षा के जिला समन्वयक पंडित देवीशंकर तिवारी ने गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रम चौधरी के माध्यम से बताया कि जिले की सभी तहसीलों में तहसील समन्वयक गायत्री परिजन एवं शिक्षक साथियों के सहयोग से उक्त परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। देवास में आयोजित की गई परीक्षा का केन्द्रों पर जाकर समिति के कांतिलाल पटेल, अरविंद शर्मा, बी एल खंडेलवाल, विक्रम चौधरी, प्रमोद निहाले, अनिल नागर, अरुण शैव्य,सुरेन्द्र दुबे, सुरेश बालपांडे एवं लक्षित दुबे आदि सदस्यों ने बच्चों से चर्चा की एवं और एमआर शीट के बारे में समझाया। बच्चों में उक्त परीक्षा को लेकर बहुत उत्साह उमंग देखा गया। परीक्षा के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति सभ्यता के साथ ही अध्यात्म एवं धार्मिक ज्ञान की प्रमुख बातों की जानकारी प्राप्त हुई। वही देश भर की विभिन्न संस्कृति से जुड़े हुए प्रश्नों का उत्तर खोजते हुए बच्चे बड़े जिज्ञासु एवं प्रसन्न दिखे।

इस अवसर पर जिला समन्वयक तिवारी ने परीक्षा में लगे सभी तहसील समन्वयक सहयोगी परिजनों शिक्षकों एवं अन्य सभी साथियों का आभार व्यक्त किया एवं तहसील समन्वयको से अनुरोध किया कि यथा समय आंसर शीट के लिफाफे जिला स्तर पर पहुंचाएं ताकि शीघ्र ही तहसील स्तर जिला स्तर एवं प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को समय पर पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को हरिद्वार से प्राप्त प्रणाम पत्र प्रदान किए जा सकें।

कलाव्योम फाउंडेशन का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

देवास। कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन शुक्रवार, 21 नवंबर को मल्हार स्मृति मंदिर में साहित्यिक गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन किसी भी शहर की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं तथा समाज जागरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लोगों के बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने इंदौर के प्रसिद्ध स्वच्छता गीत हो हल्ला के लेखन के पीछे की प्रेरणाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार गीत और साहित्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कविता मनुष्य के भीतर बसे उस सूक्ष्मतम भाव को स्वर देती है, जो अक्सर शब्दों में ढल नहीं पाता। कवि अपने शब्दों से केवल कविता ही नहीं रचते, बल्कि समय की दिशा और समाज की आत्मा को भी अभिव्यक्ति प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्ष अरुणा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवास में अनेक साहित्यिक आयोजन होते रहते हैं, परंतु यह पहला अवसर है जब शहर के प्रमुख प्रबुद्धजन एक ही स्थान पर बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह आयोजन शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहन देगा। संचालन वीर रस के राष्ट्रीय कवि राकेश दांगी ने अपने दमदार अंदाज में किया। उन्होंने शारदे सरस्वती काली कल्याणी तू है, कर कल्याण मेरी लेखनी सुधार दे। चामुंडा रानी मेरा जीवन संवार दे। जैसी पंक्तियों के माध्यम से चामुंडा माता का आवाहन करते हुए वातावरण को भक्ति और ओज से भर दिया। कवियित्री प्रीति पांडेय ने हार कर भी जीत में जिवित रहेंगे, साँस बनकर प्रीत में जिवित रहेंगे पंक्तियाँ सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओज कवि देव कृष्ण व्यास ने रुको अभी लिखो नहीं इतिहास के लिये, एक पृष्ठ छोड़ दो सुभाष के लिये। पंक्तियाँ पढ़कर श्रोताओं के मन में राष्ट्रभक्ति का संचार किया। कवि सम्मेलन का शिखर क्षण प्रसिद्ध हास्य कवि जानी बैरागी का प्रस्तुतीकरण रहा। उन्होंने अपनी हास्य-व्यंग्य से भरपूर रचनाओं से सभागार में ठहाकों की गूँज भर दी। साथ ही, जिस दिन घर से बाहर बिटिया का पांव चला गया, उसी दिन अपने दादाजी की मूँछ का ताव चला गया। जैसी संवेदनशील पंक्तियों से परिवार और संस्कारों का मार्मिक चित्र भी प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन में पद्मश्री से सम्मानित कालूराम बामनिया, समाजसेवी राधेश्याम सोनी, कई प्रशासनिक अधिकारी, कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल तथा शहर के अनेक साहित्यप्रेमी एवं प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कलाव्योम फाउंडेशन की सचिव अपर्णा भोसले ने किया।

सन फार्मा ने शिक्षण और खेल सामग्री की भेंट

देवास। जिले के प्राथमिकध् माध्यमिक विद्यालयों की मूलभूत सुविधाएं बढ़ाए जाने के उद्देश्य में सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, देवास के सीएसआर कार्यक्रम द्वारा महारानी चिमनाबाई शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, देवास में फर्नीचर, स्पोर्ट्स किट, आरओ वाटर कूलर, स्पोर्ट्स प्लेग्राउंड, कंप्यूटर लैब वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सनफार्मा के अधिकारियों द्वारा फीता काटकर फर्नीचर, आरओ वाटर कूलर, स्पोर्ट्स किट विद्यालय को समर्पित किया तथा बास्केट बॉल कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट का भी जायजा लिया। विद्यालय की छात्राओं ने माँ सरस्वती जी की वंदना तथा स्वागत संगीत का गान किया तथा मुख्य अतिथियों ने माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इन फर्नीचर द्वारा विद्यालय के 100 प्रतिशत बच्चों को बैठने के व्यवस्था हो गई हैं । आरओ वाटर कूलर लगने से बच्चों को साफ पेयजल प्राप्त होगा, साथ ही विद्यालय में स्पोर्ट्स प्लेग्राउंड बनाकर और स्पोर्ट्स किट वितरण किए गए ताकि बच्चे खेल कूद की गतिविधियों से जुड़े तथा कंप्यूटर लैब की भी सुविधा दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों को उपहार प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया। सनफार्मा के उच्च अधिकारी प्रवीण रघुवंशी, अभिषेक जैन, नितिन चौधरी, अंकुश शुक्ला, सेख निसार सीएसआर एग्जीक्यूटिव सनफार्मा देवास, शैलेश श्रीवास्तव सीईओ, आसरा एनजीओ एवं टीम, प्रधानाध्यापक अंजना तिवारी ने सनफार्मा के अधिकारियों का स्वागत सम्मान किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। संचालन सुरेन्द्र राठौर ने किया तथा आभार अंजना तिवारी ने माना।

डॉ. चतुर्वेदी गंगा समिति में विशेषज्ञ सदस्य नामांकित

गंगा की सहायक नदियों में जल संरक्षण पर बनाएंगे नीति

देवास। अमृत संचय अभियान के प्रणेता,और जाने-माने जल विशेषज्ञ डॉ सुनील चतुर्वेदी को मप्र शासन ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। गंगा की सहायक नदियों को सदानीरा और स्वच्छ बनाने के लिए बनाई गई विशेषज्ञ समिति में उन्हें जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए नामांकित किया गया है। प्रदेश में प्रवाहित गंगा की सहायक नदियों में जल का सतत् पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित करने एवं उनमें प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपशमन के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य गंगा समिति मध्यप्रदेश में 5 विशेषज्ञ सदस्य नामांकित किये गये है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार समिति में सुनील चतुर्वेदी को जल संरक्षण के लिए नामांकित किया गया है। डॉ. चतुर्वेदी पिछले 30 वर्षों से वर्षा जल संरक्षण, प्राकृतिक जल-संरचना निर्माण और भू-जल संवर्धन जैसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी पहल और मार्गदर्शन से प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में जल-संरक्षण के नवीन मॉडल विकसित किये गए हैं।

एक नजर 50 से अधिक बच्चों ने पांच जगहों पर देखी 40 जल संरक्षण तकनीक

बाल सेना ने समझीं जल-संचय संरचनाएं

देवास। अमृत संचय अभियान ने पानी के महत्त्व से भावी पीढ़ी को रूबरू कराने के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम बनाया है. जिले में सबसे पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इनोवेटिव स्कूल में कुछ साप्ताहिक कक्षाओं के ज़रिये इसे पढ़ाया जा रहा है. इसमें शामिल विद्यार्थियों को शहर में बनी विभिन्न वर्षाजल संचय संरचनाओं का भ्रमण कराया गया. प्रदेश की पहली अनूठी बाल सेना के 50 से अधिक बच्चों ने पाँच जगहों पर 40 जल संरक्षण तकनीकें देखीं। शनिवार की सुबह इनोवेटिव स्कूल से विद्यार्थियों को शासकीय प्राथमिक विद्यालय इटावा, रमेशचन्द्र पंड्या के निवास, प्रदीप उपाध्याय के निवास, हिमालया एकेडमी तथा देवास ग्रीन्स कालोनी में बनी वर्षाजल संग्रहण की अलग-अलग संरचनाओं को अपनी आँखों से देखा-परखा. इन्हें देखते हुए उनके मन में कई सवाल घुमड़ने लगे, जिसका जवाब भ्रमण में साथ चल रहे अमृत संचय अभियान टीम के डॉ सुनील चतुर्वेदी, समीरा नईम, हिमांशु कुमावत, मनीष वैद्य तथा कृपाली राणा आदि ने दिया. बाल सेना के साथ सैयद मकसूद अली, सदाकत अली, निकहत शेख, सुरेन्द्र राठौर, मिर्ज़ा मुशब्बिर बेग आदि ने व्यवस्थाओं की कमान संभाली। बच्चों ने कई तरह के सवाल पूछे, जैसे-बारिश के पानी को रोकने के लिए अलग-अलग संरचनाएँ क्यों बनानी पड़ती है. यह कैसे तय होता है कि कहाँ कैसी संरचना बनेगी. रेन वाटर हार्वेस्टिंग फिल्टर कैसे काम करता है. रिचार्ज पिट में हमें इतनी गहरी खुदाई क्यों करना पड़ती है। कुएँ में बारिश के पानी से रिचार्ज होने पर वह पूरे साल कैसे पानीदार रहता है। प्रदेश की यह पहली अनूठी बाल सेना अब पाठ्यक्रम के साथ-साथ अपने-अपने घरों और पास-पड़ोस में पानी बचाने के लिए लोगों को प्रेरित करेगी। बाल सेना का जल्दी ही विस्तार किया जाएगा. जिले के सभी स्कूलों में इस मॉडल को विकसित कर अधिक से अधिक पानी बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। देवास को पानीदार बनाकर देश में अव्वल लाने के लिए जिला पंचायत सीईओ सुश्री ज्योति शर्मा ने जोर दिया कि शिक्षा और पानी बचाने के काम को जोड़ने से समाज को और अधिक लाभ मिलेगा. पानी बचाने के संस्कार बच्चों में आ सके तो यह बड़ी बात होगी. बच्चे ही आने वाला भविष्य है. उन्हें पानी का मोल समझाने की महती ज़रूरत है, इससे बड़ों को भी दिशा मिलेगी।